हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 19 मार्च 2026

04 बम्होरी खास गांव में कुर्की कार्रवाई के दौरान हुआ...



07 आए दिन बाजार में जाम लगने पर याद आती मीरा...





## खबर संक्षेप

### मंडी बोर्ड की विभागीय समीक्षा बैठक 20 को

**सागर।** अनुराग सक्सेना (आई.ए.एस.) अपर प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल द्वारा सरसों भावांतर योजना के परिप्रेक्ष्य में सागर संभाग के समस्त मंडी सचिवों/कर्मचारियों की विभागीय समीक्षा बैठक 20 मार्च को समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई की गई

**सागर।** जिले में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने हेतु कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जिसके अंतर्गत आज खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बोल्डर और मिट्टी के 4 ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा गया। जप्त किए गए ट्रैक्टर ट्राली को थाना बडा, बहरोल व सिविल लाइन्स में खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग द्वारा बताया गया कि पकड़े गए वाहनों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है तथा प्रकरण तैयार कर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### वैक्सीनेशन कार्य संपादित करने के लिए शालाओं में 2 दिवसीय कैंप आयोजित

**सागर।** शासन के निर्देशानुसार सर्वाइकल कैंसर को कम करने के उद्देश्य से भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 14 से 15 वर्ष 03 माह आयु की किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीनेशन किया जा रहा है। जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन के सुचारू संचालन और जन जन तक जागरूकता हेतु कलेक्टर संदीप जी आर ने जिला शिक्षा अधिकारी को जिले के शासकीय स्कूलों में कैंप लगाने के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर के निर्देशानुसार वैक्सीनेशन कार्य समयावधि में संपादित कराये जाने हेतु शालाओं में 02 दिवसीय कैम्प का आयोजन प्रातः 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक किया जावेगा, इस हेतु कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सागर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। अभय श्रीवास्तव, योजना अधिकारी कार्यालयीन मोन. 8959577222, अतिन गुप्ता, जिला आईटी सेल समन्वयक कार्यालयीन मोन. 7987025109, रामकुमार रैकवार, सहा. आईटी सेल समन्वयक कार्यालयीन-मोन. 9893101175 कंट्रोल रूम प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारी रहेंगे।

### रबी फसल की सुरक्षा के लिए कलेक्टर ने की किसानों से अपील

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि वर्तमान में जिले में रबी सीजन की प्रमुख फसलें गेहूं एवं चना अपने अंतिम चरण में हैं। कटाई का समय चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार मार्च माह में सामान्य से अधिक तापमान, अनियमित वर्षा एवं मौसम परिवर्तन की आशंका है। कलेक्टर ने किसान भाइयों-बहनों से अपील की है कि किसान भाई—बहन फसल कटाई में देरी न करें जहां गेहूं एवं चना की फसलें 80-90% पक चुकी हैं, वहां तुरंत कटाई प्रारंभ करें। कटाई के उपरांत फसल को खुले में न छोड़ें, तिरपाल या सुरक्षित स्थान पर सुखाकर भंडारण करें। बेमौसम वर्षा/ओलावृष्टि से सतर्कता बरतें, मौसम विभाग के अलर्ट पर तत्काल कार्यवाही करें।

### ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण किया गया आयोजित

**सागर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखंड जैसीनगर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण नवांकुर संस्था राजाराम शिक्षा समिति बिलहरा के अंतर्गत आयोजित किया गया।

## नरवाई प्रबंधन और प्राकृतिक खेती को लेकर कलेक्ट्रेट में हुई किसान संगोष्ठी

# 'जे-फार्म' ऐप के जरिए किसान जिनके पास खुद के ट्रैक्टर या मशीनें नहीं हैं, वे किराए पर ले सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा नरवाई (फसल अवशेष) प्रबंधन को लेकर कृषि संगठनों और किसानों के साथ आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में परिचर्चा की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य खेतों में आग लगाने की परंपरा को खत्म कर आधुनिक मशीनों और वैज्ञानिक तरीकों से मिट्टी की उर्वरता को बचाना है। जिले में गेहूं की कटाई के बाद नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने और पर्यावरण संरक्षण के लिए कलेक्टर संदीप जी आर ने कड़े कदम उठाए हैं। उन्होंने कृषि संगठनों के साथ विशेष परिचर्चा कर किसानों को जे-फार्म ऐप और आधुनिक मशीनों से जोड़ने के निर्देश दिए।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि नरवाई जलाना न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि यह जमीन के मित्र कीटों को भी मार देता है। सुपर सीडर का उपयोग करें, यह कचरे को खाद में बदल देता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देश पर जिले में कृषि सुधार, नरवाई प्रबंधन और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई इस बैठक में मुख्य रूप से नरवाई प्रबंधन, ई-विकास प्रणाली, फॉर्मर रजिस्ट्री, प्राकृतिक खेती पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और पर्यावरण संरक्षण का समन्वय आवश्यक है। उन्होंने नरवाई प्रबंधन जिसके तहत फसल कटाई के बाद अवशेषों (नरवाई) को जलाने से रोकने और उनके उचित निष्पादन के निर्देश दिए। प्राकृतिक खेती से रसायनों के प्रयोग को कम कर प्राकृतिक खेती को जन-आंदोलन बनाने पर जोर दिया। इसी प्रकार ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत, खाद के ई टोकन सिस्टम, कृषि योजनाओं के डिजिटलीकरण और पारदर्शी क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई।

### हार्वेस्टर के लिए स्पष्ट निर्देश

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि कम्बाइन हार्वेस्टर का उपयोग करते समय स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम अनिवार्य रूप से लगवाएं। साथ ही, हार्वेस्टर मालिकों को स्ट्रॉ रीपर मशीन रखने की सलाह दी गई है ताकि नरवाई को भूसे में बदलकर आर्थिक लाभ लिया जा सके। इसी प्रकार 'फायर प्रूफ' पट्टी का मॉडल आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए एक व्यावहारिक समाधान सुझाया गया। जिसके अंतर्गत किसान खेत की मेढ़ के चारों तरफ 30 से 40 फीट की पट्टी खाली छोड़ें। यह पट्टी एक फायर प्रूफ बैरियर की तरह काम करेगी, जिससे यदि किसी एक खेत में आग लगती भी है, तो वह दूसरे खेत तक नहीं फैलेगी।

कलेक्टर ने किसानों को हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसी मशीनों के लाभ बताए और बैठक के दौरान ही मशीन खरीदने के इच्छुक किसानों के आवेदन फॉर्म तत्काल भरवाए गए ताकि उन्हें सरकारी सब्सिडी का लाभ मिल सके।उपसंचालक श्री त्रिपाठी ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार इन मशीनों पर 40% से 50% तक का अनुदान दे रही है।

बैठक में किसान भाइयों को जे-फार्म ऐप के बारे में जानकारी दी गई। और किसानों की उत्सुकता पर आप डाउनलोड कराया गया। इस ऐप के माध्यम से किसान बिना मशीन खरीदे भी किराए पर आधुनिक यंत्र मंगवा सकते हैं। यह 'फार्मर-टू-फार्मर' मॉडल पर काम करता है, जिससे छोटे किसानों को भी ट्रैक्टर और अन्य यंत्र आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं।

### सूचना तंत्र की मजबूती

प्रत्येक क्षेत्र में किसानों का व्हाट्सएप्प ग्रुप बनाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि नरवाई न जलाने की अपील, जानकारी साझा करने और आगजनी जैसी घटनाओं की सूचना तुरंत प्रशासन और अन्य किसानों तक पहुंच सके।

### हितधारकों की भागीदारी

बैठक में सभी विकासखंडों से कृषकों, प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों, किसान संघ के प्रतिनिधियों सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों और संचालकों को निर्देशित किया कि वे धरातल पर किसानों को नरवाई न जलाने के प्रति जागरूक करें और शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुँचाना सुनिश्चित करें।

बैठक में एडीएम अविनाश रावत, उप संचालक (किसान कल्याण तथा कृषि विकास) श्री राजेश त्रिपाठी, उपसंचालक उद्यानिकी पी एस बडोले, डी एस ओ ज्योति बघेल सहित बड़ी संख्या में कृषक, अधिकारी उपस्थित रहे।



### बंडा में क्षत्रिय महासभा ने अजय सिंह राहुल भैया का किया भव्य स्वागत

**सागर।** क्षत्रिय महासभा के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक गौर ने बताया की पूर्व नेता प्रतिपक्ष क्षत्रिय समाज के गौरव अजय सिंह राहुल भैया का सागर आगमन पर बंडा में भव्य स्वागत क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सिगदौनी के नेतृत्व में किया गया। सर्वप्रथम महाराणा प्रताप की मूर्ति पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया ने माल्यार्पण किया इसके बाद क्षत्रिय महासभा के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह मोहासा, पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी, पूर्व विधायक नारायण प्रजापति, बंडा ब्लाक अध्यक्ष नंथू सिंह समरीया, देव प्रशात ठाकुर, रणधीर सिंह चंदू राजा ततरवारा, धर्मेन्द्र सिंह परासिया, भूपेंद्र सिंह बमूरा, वीरेन्द्र सिंह सिगदौनी, भोले राजा हाणा सहित क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।



**सागर।** सनातनी नववर्ष के प्रारंभ होने की पूर्व संध्या पर निकाली गयी वाहन रैली का कांग्रेस शहर सेवादल परिवार ने भव्य स्वागत किया, वाहन रेली मे सम्मिलित सनातनी बंधुओ का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और सभी को नवरात्र और सनातनी नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। स्वागतकर्ताओ मे शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, लल्ला यादव, अन्नू घोषी, परख शुक्ला, आकाश नामदेव, रवि जैन, तरूण सैनी आदि उपस्थित रहे।



### किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं : महापौर संगीता

**सागर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत सागर नगर मंडल के षष्ठम सत्र में महापौर संगीता सुशील तिवारी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुईं और उपस्थित कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं दायित्वों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया।महापौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि भारतीय जनता पार्टी की मूल विचारधारा, संगठनात्मक मूल्यों और सेवा भाव को सुदृढ़ करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। एक प्रशिक्षित, जागरूक एवं सक्रिय कार्यकर्ता ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखता है और संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा आधारित संगठन है, जो "राष्ट्र प्रथम" के सिद्धांत पर कार्य करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'अंत्योदय' का सिद्धांत आज भी पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस सिद्धांत का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास और सम्मान पहुँचाना है, जिससे समावेशी और संतुलित विकास सुनिश्चित हो सके।महापौर ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं।

# महिला किसान वर्ष में डॉ प्रतिभा तिवारी ने किया गहन, सर्वेक्षण एवं साक्षात्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश के द्वारा सागर के महुआ खेड़ा, भापेल, पदउआ में "महिला किसान वर्ष" में भारतीय स्त्री शक्ति मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने गहन, सर्वेक्षण एवं साक्षात्कार किया जिसमें सागर के मनक्यायी मीना पटेल आपने ने बताया कि अक्सर खेती में पुरुषों का नाम पहले आता है, लेकिन आज हम महिलाऐं मिलकर कृषि उद्यमियों से मिट्टी से सोना उगाकर न केवल अपना घर चलाया, बल्कि समाज में एक नई पहचान बनाई है। खेती से होने वाली कमाई ने हमारी जीवन स्तर को बदला है क्या अब हम अपने बच्चों की पढ़ाई और घर के फैसलों में खुद निर्णय ले पाते है। रेखा रानी पटेल ने बताया कि आज हम महिलाएं मिल कर यह साबित कर रही हैं कि खेती सिर्फ पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि स्वाभिमान से जीने का रास्ता भी है। जैसी हजारों महिलाएं आज ग्रामीण भारत की नई इबारत लिख रही हैं। खेती किसानी करके अपना जीवन यापन कर रही है। महिलाएं अब हर क्षेत्र में जागरूक हो रही है और अत्मनिर्भर बन रही है। बबली पटेल ने बताया कि आज के समय में ग्रामीण भारत की महिलाएं खेती-किसानी के जरिए न केवल अपना घर चला रही हैं, बल्कि लाखों का कारोबार भी कर रही हैं। चाहे वो मशरूम की खेती हो, जैविक खेती हो या आधुनिक तकनीक, ये महिलाएं आज असली कृषि उद्यमी बनकर उभरी हैं। महुआखेड़ा की सावित्री विश्वकर्मा और भापेल की सीता ठाकुर ने बताया कि खेती अब सिर्फ पेट भरने के लिए नहीं, मुनाफा कमाने का बिज़नेस है। पहले महिलाएं खेती में सिर्फ मददगार थीं, लेकिन अब वे निर्णय लेने वाली हैं। अब महिलाओं के अपने बैंक खाते हैं। वे फसल बेचकर सीधे अपने खाते में पैसे प्राप्त कर रही हैं। यह जीवन यापन के स्तर में आए सुधार को सबसे अच्छी तरह दर्शाता है। सिर्फ पारंपरिक फसलों पर निर्भर रहने के बजाय महिलाएं अब मिश्रित खेती कर रही हैं ताकि गुजारा कभी न रुके। जीवन यापन का मतलब सिर्फ पैसा नहीं, सम्मान भी है। उन्हें अब किसान के रूप में सरकारी पहचान मिल रही है, जो पहले सिर्फ पुरुषों तक सीमित थी। इसमें नगर अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा उपाध्यय का भी सहयोग रहा। इसमें सुलोचना तिवारी, ज्योति सेन उपस्थित रही।

### अग्रणी महाविद्यालय के पांच अधिकारी कर्मचारी करेंगे राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सहभागिता



**सागर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की डॉ. इमराना सिद्दीकी, डॉ. अमर कुमार, डॉ. राणा कुंजर, संतोष भगत एवं शैलेन्द्र शर्मा ने प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज मकरोनिया में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई है। दिनांक 24 से 26 मार्च 2026 तक शासकीय कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्यालय सागर में खिलाड़ी एवं कर्मचारियों के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। अगली महाविद्यालय की यह अधिकारी कर्मचारी टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिंटन एवं लॉन टेनिस में सहभागिता करेंगे। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष कर्मचारी एवं अधिकारियों को अपने द्वारा निभाए जा रहे दायित्व एवं कर्तव्यों में आनंद देने के लिए इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने सभी चयनित प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ्यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है तथा ऐसी प्रतियोगिताओं से कर्मचारी एवं अधिकारियों में उत्साह वर्धन होता है तथा वह अपने कार्य के प्रति अधिक समर्पित भाव से काम करते हैं।



### ज्ञान सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन

**सागर।** ज्ञान सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, सागर में "कैपेसिटी बिल्डिंग इन रिसर्च पब्लिकेशन एंड आईसीटी-बेस्ड पेडागॉजी" विषय पर आयोजित तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का समापन 18 मार्च को वैलिडिक्टरी एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. आर. टी. बेदरे, डायरेक्टर, एमएमटीटीसी, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर डॉ. रितुल सराफ एवं प्राचार्य डॉ. आर. के. जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. आर.के. जैन ने अपने स्वागत भाषण में कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आयोजन समिति को बधाई दी तथा इस प्रकार के कार्यक्रमों की शैक्षणिक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. रितुल सराफ ने भविष्य में भी इस प्रकार के फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित करने की बात कही। मुख्य अतिथि प्रो. आर. टी. बेदरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के एफडीपी शिक्षकों के ज्ञान, शोध क्षमता एवं नवीन तकनीकों के उपयोग को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।एफडीपी के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में डॉ. हेमंत पाठक, एसोसिएट प्रोफेसर, शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज, सागर ने "हाउ टू अवॉइड प्लेज़रिज़्म" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने शोध कार्य में मौलिकता बनाए रखने, प्लेज़रिज़्म से बचने के उपायों तथा नैतिक शोध पद्धतियों पर विस्तार से चर्चा की। द्वितीय सत्र में प्रो. नितिन बारसगड़े, असिस्टेंट प्रोफेसर,कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग, जी.एस. रायसोनी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और प्रबंधन, नागपुर (महाराष्ट्र) ने "एन अप्रोच टू रिसर्च पेपर राइटिंग यूज़िंग लेटेक्स" विषय पर व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने लेटेक्स के माध्यम से शोध पत्र लेखन की प्रभावी तकनीकों को समझाया।

## भारत की पहचान उसकी सांस्कृतिक परंपरा और कालगणना में निहित

# भारतीय नवसंवत्सर सांस्कृतिक स्वाभिमान का प्रतीक : भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होने वाला हिंदू नववर्ष भारतीय संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत केवल एक राजनीतिक राष्ट्र नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक राष्ट्र है, जिसकी पहचान उसकी प्राचीन कालगणना, परंपराओं और जीवन मूल्यों में निहित है। उन्होंने कहा कि विक्रम संवत 2082 का प्रारंभ भारतीय सभ्यता की उस ज्ञान परंपरा का स्मरण कराता है, जिसमें प्रकृति, खगोल विज्ञान और गणित के आधार पर समय की गणना की जाती रही है।

उन्होंने कहा कि भारतीय पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी और इसी तिथि से सतयुग का प्रारंभ माना गया है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक, धर्मराज युधिष्ठिर के राज्यारोहण सहित अनेक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक प्रसंग इस दिन से जुड़े हुए हैं। इसलिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा केवल कालगणना की शुरुआत नहीं बल्कि धर्म, नीति और आदर्श शासन व्यवस्था के प्रतीक रामराज्य की स्मृति का भी प्रतीक है।

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि हिंदू नववर्ष का प्रारंभ उस समय होता है जब प्रकृति स्वयं नवजीवन का संदेश देती है। बसंत ऋतु के आगमन के साथ धरती नया श्रृंगार करती है, वृक्षों में नई कोपलें फूटती हैं, खेतों में नई फसलें आती हैं और वातावरण में नई ऊर्जा का संचार होता है। प्रकृति का यह परिवर्तन भारतीय समाज को भी नवसंकल्प और नवचेतना की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ होता है, जो नौ दिनों तक चलने वाला शक्ति साधना का महापर्व है। इन दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नवरात्रि केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि आत्मशक्ति, संयम और साधना का प्रतीक है, जो मनुष्य को अपने भीतर की शक्ति को जागृत करने और अधर्म तथा अन्याय के विरुद्ध खड़े होने का साहस प्रदान करता है।

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि देवी दुर्गा द्वारा महिषासुर का वध केवल एक पौराणिक कथा नहीं बल्कि बुराई पर अच्छाई की विजय का शाश्वत प्रतीक है। यही कारण है कि भारतीय समाज में नवरात्रि को आत्मशुद्धि, अनुशासन और आध्यात्मिक ऊर्जा के जागरण का पर्व माना जाता है। उपवास, साधना, जप और पूजा के माध्यम से व्यक्ति अपने मन, शरीर और आत्मा को शुद्ध करने का प्रयास करता है और यही कारण है कि हिंदू नववर्ष का प्रारंभ नवरात्रि जैसे आध्यात्मिक पर्व से होता है।

उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विविधता इस पर्व के माध्यम से स्पष्ट दिखाई देती है। महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में उगादि, सिंधी समाज में चेटीचंड, कश्मीर में नवरेह और मणिपुर में सजिबु नोंगमा पानबा के रूप में यह उत्सव मनाया जाता है। अलग-अलग भाषाओं और परंपराओं के बावजूद इस पर्व की मूल भावना एक ही है—भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव और समाज में नई ऊर्जा का संचार।भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि औपनिवेशिक शासन के दौरान पश्चिमी जीवन शैली और कालगणना को श्रेष्ठ बताने का प्रयास किया गया, जिसके कारण समाज का एक बड़ा वर्ग एक जनवरी को ही नववर्ष मानने लगा। जबकि भारतीय परंपरा में वास्तविक नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही आरंभ होता है और यह स्थिति हमें अपनी सांस्कृतिक चेतना को और अधिक सशक्त करने की आवश्यकता का संदेश देती है।

## शिक्षक से बाबूगिरी...शिक्षा विभाग के आदेशों की खुली अनदेखी

# बीईओ कार्यालय में शिक्षक से वित्तीय काम, विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़

जिले के शिक्षा विभाग में नियमों को दरकिनार कर काम कराने का मामला सामने आया है, जहां शासन के निर्देशों के बावजूद एक शिक्षक से विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीईओ कार्यालय में वित्तीय और लिपिकीय कार्य कराए जा रहे हैं। इस व्यवस्था ने न केवल विभागीय आदेशों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था भी प्रभावित होने लगी है। जानकारी के अनुसार, प्रभारी बीईओ सुनील श्रीवास्तव द्वारा शाउमावि पठा में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक अरविंद साहू को 19 जनवरी से बीईओ कार्यालय में वित्तीय कार्यों के लिए आसंजित किया है। आरोप है कि तब से शिक्षक का समय कार्यालय में ही बीत रहा है, जिससे विद्यालय में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस मामले में जब बीईओ सुनील श्रीवास्तव से संपर्क किया तो नहीं हो सका।

### आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए शिक्षक को बनाया क्लर्क

शिक्षा विभाग के जानकारों का कहना है कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा कई बार स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक और लिपिकीय कार्य नहीं कराए जाएं। इसके बावजूद टीकमगढ़ में इन निर्देशों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। विभागीय कर्मियों के अनुसार बीईओ कार्यालय में पहले से ही पर्याप्त लिपिकीय स्टाफ मौजूद है और वित्तीय कार्यों के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी भी तैनात हैं। इसके बावजूद शिक्षक को इस कार्य में लगाए जाने से विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।




### रिटायर्ड कर्मचारी भी संभाल रहे अहम जिम्मेदारी

मामले में एक और चौंकाने वाला पहलू सामने आया है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 टीकमगढ़ में एक सेवानिवृत्त कर्मचारी द्वारा महत्वपूर्ण अभिलेखों का संधारण किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि वही कर्मचारी और संबंधित शिक्षक मिलकर विकासखंड स्तर के वित्तीय कार्य भी देख रहे हैं। यह स्थिति न केवल नियमों के विपरीत है, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी सवाल खड़े करती है। जब इस पूरे मामले को लेकर प्रभारी बीईओ सुनील श्रीवास्तव से सवाल किया गया, तो वे स्पष्ट जवाब देने से बचते नजर आए और कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं दी। अब सवाल ये उठता है कि जब शासन स्पष्ट रूप से शिक्षकों को केवल शिक्षण कार्य में ही लगाए जाने के निर्देश दे चुका है, तो फिर टीकमगढ़ में ये आदेश कागजों तक ही सीमित क्यों हैं? और अब उक्त निर्देशों का उलंघन होने पर क्या जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी या फिर शिक्षा व्यवस्था यूं ही समझौतों की भेंट चढ़ती रहेगी?

### कभी कभार ही आते हैं...

19 जनवरी को प्रभारी बीईओ द्वारा माध्यमिक शिक्षक अरविंद साहू को अपने शिक्षण कार्य के साथ कार्यालय का काम भी करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के बाद से वह विद्यालय में कभी-कभार ही आते हैं।
**सीएल अहिरवार**, प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पठा

## बिजली बिल वसूली बनी बवाल, कर्मियों से मारपीट

# बम्होरी खास गांव में कुर्की कार्रवाई के दौरान हुआ विवाद, दोनों पक्षों ने थाने में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़



जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बम्होरी खास गांव में बिजली बिल की वसूली को लेकर विवाद सामने आया है। विद्युत कंपनी की कुर्की कार्रवाई के दौरान एक किसान परिवार और कर्मचारियों के बीच जमकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई।

जानकारी के मुताबिक बुधवार को विद्युत कंपनी के कर्मचारी बकाया बिल के चलते किसान के खेत में विद्युत पंप जब्त करने पहुंचे थे। उस समय किसान परिवार खेत में गेहूं की कटाई और सिंचाई में जुटा हुआ था। पंप जब्त करने की कार्रवाई का विरोध करते हुए दोनों पक्षों में पहले बहस हुई, फिर मामला हाथापाई तक पहुंच गया। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान मौके पर मौजूद महिला ने भी कर्मचारियों से तीखी बहस और गाली-गलौज की, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। घटना के बाद मामला दिगौड़ा थाने पहुंचा, जहां बिजली कंपनी के कर्मचारी और किसान पक्ष दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। विद्युत वितरण केंद्र दिगौड़ा के कनिष्ठ अभियंता सोहन लाल निगवाल ने बताया कि कुर्की कार्रवाई के दौरान उपभोक्ता सुरेश विश्वकर्मा ने टीम पर हमला कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि लाइनमैन धनीराम अहिरवार और आउटसोर्स कर्मचारी अखलेश अहिरवार, राकेश यादव और पीयूष दांगी के साथ मारपीट कर टीम को मौके से खदेड़ दिया गया। बताया गया कि संबंधित उपभोक्ता पर करीब 60 से 65 हजार रुपए का बिजली बिल बकाया है। वहीं, किसान सुरेश विश्वकर्मा अपनी पत्नी के साथ थाने पहुंचे और उन्होंने भी कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए।



किसान पक्ष का कहना है कि कार्रवाई के दौरान उनके साथ अभद्रता की गई और महिला से छेड़छाड़ जैसे आरोप भी लगाए गए हैं। दिगौड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद ही आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी तक किसी भी पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया गया है। बिजली बिल की वसूली के लिए की गई कार्रवाई अब कानून-व्यवस्था का मामला बन गई है। एक ओर कंपनी बकाया वसूली का दावा कर रही है, तो दूसरी ओर किसान परिवार खुद को पीड़ित बता रहा है।

बल्देवगढ़ पुलिस की सटीक रेड में मिली सफलता

# धरपकड़ अभियान: 4 साल से फरार इनामी आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**टीकमगढ़।** जिले में फरार और इनामी आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत टीकमगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में बल्देवगढ़ पुलिस ने 4 वर्षों से फरार चल रहे एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर कानून के शिकंजे में ला खड़ा किया है।

एसपी मंडलोई के निर्देशानुसार सभी थाना प्रभारियों को फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर तंत्र और तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना बल्देवगढ़ पुलिस ने विशेष टीम गठित कर अभियान को तेज किया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रीति भार्गव के नेतृत्व में गठित टीम ने प्रकरण क्रमांक 2505/24 में विगत 4 वर्षों से फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी एवं 2 हजार रुपये के इनामी आरोपी भदई उर्फ देवीचरण कुशवाहा निवासी ग्राम भेलसी को उसके ही गांव में दबिश देकर गिरफ्तार किया। उक्त दबिश में पुलिस की सटीक रणनीति व पुलिस टीम ने लगातार निगरानी और पुख्ता सूचना के आधार पर ग्राम भेलसी में दबिश दी। लंबे समय से फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने रणनीतिक तरीके से कार्रवाई करते हुए उसे बिना किसी विरोध के गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अभिरक्षा में लेकर विधिवत



कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय टीकमगढ़ में पेश किया गया, जहां से आगे की प्रक्रिया जारी है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रीति भार्गव, उपनिरीक्षक एनएल ठाकुर, प्रधान आरक्षक भगतराम यादव एवं आरक्षक शिवकुमार मोरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनकी सतत मेहनत से यह सफलता संभव हो सकी। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह विशेष अभियान अपराधियों के लिए सख्त संदेश है कि कानून से बचना संभव नहीं। पुलिस की लगातार कार्रवाई से जिले में कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत होती नजर आ रही है।

## जिला पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक, पारदर्शिता और जवाबदेही पर दिया जोर

# लंबित मामलों पर एसपी मंडलोई ने दी समयबद्ध निराकरण के लिए चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़

जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने 17 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं शाखा प्रभारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान एसपी मंडलोई ने प्रत्येक शाखा प्रभारी से उनके अधीन संचालित कार्यों की मौजूदा स्थिति, लंबित प्रकरणों, उनके निराकरण और आगामी कार्ययोजना की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने शाखाओं के कामकाज का बिंदुवार मूल्यांकन करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।



एसपी मंडलोई ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निराकरण किया जाए। जनहित से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता अनिवार्य रूप से बरती जाए, ताकि आम नागरिकों का भरोसा पुलिस व्यवस्था पर बना रहे। जवाबदेही और टीम वर्क पर जोर देते हुए उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और टीम भावना के साथ करें। विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और उत्तरदायी बनाने पर विशेष बल दिया गया। लक्ष्य आधारित कार्य प्रणाली लागू करने को ध्यान में रखते हुए बैठक के अंत में एसपी मंडलोई ने सभी शाखाओं को लक्ष्य आधारित कार्य प्रणाली अपनाने और नियमित प्रगति समीक्षा करने के निर्देश दिए, जिससे जिले में कानून-व्यवस्था और जनसुरक्षा को और सुदृढ़ किया जा सके। इसमें एएसपी विक्रम सिंह कुशवाहा, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, मुख्य लिपिक रामाधार त्रिपाठी, रीडर उमाकांत तिवारी सहित पुलिस कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसपी के निर्देशों का दिखा असर

# डायल 112 की तत्परता ने बचाई बुजुर्ग व्यक्ति की जान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़

जिले में आमजन की सुरक्षा और आपात स्थितियों में त्वरित सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा दिए गए निर्देशों का जमीनी असर अब साफ दिखाई देने लगा है। पुलिस की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता का एक उदाहरण मंगलवार शाम बल्देवगढ़ क्षेत्र में देखने को मिला, जहां सड़क दुर्घटना में घायल दो लोगों को डायल-112 टीम ने समय रहते अस्पताल पहुंचाकर राहत दी।

जानकारी के अनुसार 17 मार्च को शाम लगभग 7 बजे डायल-112 को सूचना मिली कि थाना बल्देवगढ़ क्षेत्र के पपौनी के पास एक मोटरसाइकिल दुर्घटना हो गई है, जिसमें एक बुजुर्ग और एक युवक घायल हो गए हैं। बताया गया कि सड़क पर अचानक पालतू पशु आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे दोनों को चोटें आईं। सूचना मिलते ही थाना बल्देवगढ़ में तैनात डायल-112 वाहन को तुरंत मौके के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंची टीम में आरक्षक शिवकुमार मोरे और पायलट देवेंद्र रजक ने स्थिति का जायजा लिया और बिना समय गंवाए राहत कार्य शुरू किया। पुलिस टीम ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए दोनों घायलों को एफआरव्ही वाहन में बैठाकर सुरक्षित रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्देवगढ़ पहुंचाया। समय पर इलाज मिलने से दोनों की स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में सतर्क रहते हुए जरूरतमंदों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराएं। इसी के चलते जिले में डायल-112 सेवा लगातार आमजन के लिए राहत का माध्यम बनती जा रही है। टीकमगढ़ पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई ने एक बार फिर साबित कर दिया कि समय पर पहुंची मदद ही जीवन बचाने का सबसे बड़ा जरिया होती है। पुलिस का यह मानवीय चेहरा आमजन में विश्वास और सुरक्षा की भावना को और मजबूत कर रहा है।

# पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो शातिर चोरों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ललितपुर

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत तालबेहट पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। घटना 16 मार्च 2026 की है, जब उपनिरीक्षक अमित कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। पुलिस टीम जब कड़ेसरा कलां तिराहे के पास चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल के साथ झांसी की ओर से ललितपुर जाने की फिराक में हैं। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने घेराबंदी कर करमई ओवरब्रिज के पास से बिना नंबर की एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका। मोटरसाइटिल पर सवार व्यक्तियों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि यह मोटरसाइकिल उन्होंने करीब एक माह पहले ललितपुर स्टेशन के पास से चोरी की थी। पकड़े गए आरोपियों की पहचान इमरान खान पुत्र रज्जाक खान और आकाश पुत्र किशोरी लाल, दोनों निवासी ग्राम पूराकलां रूप में हुई है। जब पुलिस ने उनसे वाहन के कागज मांगे, तो वे कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। जांच में पता चला कि आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए मोटरसाइकिल की असली नंबर प्लेट हटा दी थी। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल (हीरो डीलक्स) बरामद कर ली है। तालबेहट पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अमित कुमार के साथ हेड कांस्टेबल सत्येंद्र सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र सिंह और अरविंद कुमार शामिल रहे।

# दक्षिण एक्सप्रेस में चोरी, सोते समय महिला का पर्स पार, दो मोबाइल और नकदी गायब

**ललितपुर।** चलती ट्रेनों में यात्रियों के सामान पर हाथ साफ करने वाले गिरोह सक्रिय हैं। ताजा मामला दक्षिण एक्सप्रेस (ट्रेन नं. 12722) का है, जहां फरीदाबाद से भोपाल की यात्रा कर रहे एक दंपत्ति की नींद का फायदा उठाकर अज्ञात चोर ने महिला का पर्स चोरी कर लिया। घटना उस समय हुई जब ट्रेन ललितपुर स्टेशन से गुजर रही थी। शिकायतकर्ता पांडे अमन आनन्द, निवासी फरीदाबाद (हरियाणा), अपनी पत्नी पूजा सिन्हा के साथ कोच ए-1 की सीट संख्या 43 और 51 पर यात्रा कर रहे थे। पीड़ित ने बताया कि उनकी पत्नी ने अपना डार्क पर्पल रंग का लेडीज पर्स सिरहाने रखकर सो गई थीं। जब ललितपुर स्टेशन के पास उनकी आंख खुली, तो पर्स गायब था। चोरी गए पर्स में लगभग 37 हजार रुपये मूल्य का सामान था। इसमें एक रेडमी नोट 8 प्रो (कीमत 20 हजार रुपये), एक विवो प्लस (कीमत 12 हजार रुपये), 5 हजार रुपये नकद और जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी शामिल थे। पीड़ित की तहरीर पर जीआरपी थाना में बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## 30 मैडल विजेता बालिकाओं का अभिनंदन, युवा जोड़ो और प्रतिभा सम्मान समारोह

# सशक्त बेटियां ही उज्ज्वल भविष्य की नींव: एसपी मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़

युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और विशेष रूप से बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में टीकमगढ़ पुलिस का प्रयास अब जमीनी स्तर पर असर दिखाने लगा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में जिले में युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में संचालित युवा जोड़ो अभियान एवं प्रतिभा सम्मान अभियान के अंतर्गत बुधवार, 18 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक विशेष सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में अस्मिता सेपकटकरा लीग 2025-2026 के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 30 प्रतिभाशाली बालिका खिलाड़ियों को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि यह केवल सम्मान समारोह तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसे ह्लयुवा संवादह्व के रूप में भी विकसित किया गया। एसपी मंडलोई ने बालिकाओं से आत्मीय चर्चा करते हुए उनके अनुभव, संघर्ष, लक्ष्य और भविष्य की योजनाओं को विस्तार से जाना। उन्होंने बालिकाओं को जीवन में अनुशासन, मेहनत और संतुलन का महत्व बताते हुए कहा कि खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में समान रूप से उत्कृष्टता हासिल करना संभव है, बशर्ते लक्ष्य स्पष्ट हो और निरंतर प्रयास किया जाए। इस अवसर पर सभी 30 गोल्ड और सिल्वर मेडल विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने स्वयं खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। यह सम्मान समारोह बालिकाओं के लिए न केवल गौरव का क्षण बना, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला साबित हुआ। कई बालिकाओं ने इस पहल को अपने जीवन का प्रेरणादायक मोड़ बताया।






टीकमगढ़ पुलिस द्वारा संचालित युवा जोड़ो अभियान और प्रतिभा सम्मान अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। खेल, शिक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को नशे, अपराध और अन्य नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रखने का प्रयास किया जा रहा है। इन अभियानों के जरिए पुलिस न केवल कानून व्यवस्था तक सीमित रहकर कार्य कर रही है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए युवाओं के मार्गदर्शन और व्यक्तित्व विकास में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। एसपी मंडलोई ने अपने संबोधन में कहा कि बालिकाओं को आगे बढ़ाना समाज के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जब बेटियां सशक्त होंगी, तभी समाज मजबूत और सुरक्षित बनेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस विभाग भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को प्रेरणा और अवसर मिल सके। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक कनक सिंह, महिला प्रकोष्ठ स्टाफ, कोच अमन दुबे, गेम्स प्रेसिडेंट राम मोहन दुबे, ऊषा चतुर्वेदी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

टीकमगढ़ पुलिस की यह पहल केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि एक सकारात्मक सामाजिक अभियान का रूप लेती नजर आ रही है, जो बेटियों को आगे बढ़ाने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और समाज को नई दिशा देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

### नपा की उदासीनता के चलते दौड़ने की जगह रेंग रहा ट्रैफिक

# आए दिन बाजार में जाम लगने पर याद आती मीरा गर्ग की परिषद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर के बाजारों बदहाल यातायात व्यवस्था के चलते बद से बदतर हो गई है। बाजार में ट्रैफिक दौड़ने की जगह रेंग रहा है। दिन में कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है, जब जब भी जाम लगता है तब तब मेरा रमेश गर्ग की परिषद की याद आती है जिसने बदहाल हो चुकी यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए बाजारों में 5 से 10 फीट तक पक्के भवनों को गिराकर रोड चौड़ीकरण किया था। लोगों का कहना है कि अगर तब रोड चौड़ीकरण नहीं होता तो आज स्थिति क्या होती अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है।

शहर के बाजारों में लोगों को अब जाम से रेंगकर गुजरने की आदत सी पढ़ गई है। इस जाम को हटाने में दिलचस्पी नहीं दिखाने वाले प्रशासन को लोग खूब कोसते हुए निकल जाते हैं, लेकिन उन लोगों की कमी भी नहीं है, जो इस तरह जाम लगने पर पूर्व नपाध्यक्ष मीरा रमेश गर्ग की प्रशंसा यह कहते हुए करते दिखाई देते हैं कि अगर एक दशक पहले उनके द्वारा इस दिशा में अतिक्रमण हटाने का क्रांतिकारी कदम नहीं उठाया गया होता तो आज हालात और अधिक बदतर होते। ज्ञात हो कि पूर्व नपाध्यक्ष मीरा रमेश गर्ग की परिषद ने यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए न सिर्फ स्थाई अतिक्रमण हटाने की मुहिम को अंजाम दिलाया था, बल्कि सुगम यातायात बनाने के उद्देश्य से ठोस प्लानिंग भी की थी, लेकिन यह प्लानिंग अर्थ लाभ की न होने के चलते हैं कभी अमल में नहीं आ सकी है।



### यातायात को सुगम बनाने की थी प्लानिंग

पूर्व नपाध्यक्ष मीरा गर्ग की परिषद ने सुगम यातायात के लिए भी प्लानिंग की थी, लेकिन वह प्लानिंग तब परिषद का कार्यकाल खत्म हो जाने के चलते धरी की धरी रह गई, बाद की परिषदों ने उक्त प्लानिंग को अनुपयोगी मानकर ठंडे बस्ते में डाल दिया। बाजारों में सड़क पर तेले गुमठी न लगे इस उद्देश्य से पापूजी पार्क में हॉकर्स जॉन बनाया गया था जिसमें आज तक हॉकर्स नहीं पहुंच सके। इसके अलावा एकीकृत बस स्टैंड में फल मंडी, फल बाजार और पुराना बस स्टैंड परिसर में बाट चौपाटी विकसित की थी जो बाद में धराशाई हो गई।

### बाजारों की चौड़ाई बढ़ाने हटाया स्थाई अतिक्रमण

मीरा रमेश गर्ग की परिषद ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए शहर के मुख्य बाजार नगर मालिका से सूबात चौराहा और वहां से पुल दरवाजा तक दोनों ओर से करीब 5-5 फीट पक्की भवनों को तोड़कर सड़क का चौड़ीकारण किया था तब 10 फीट चौड़ी हुई यह सड़क पर आज जब भी जाम लगता है तो लोग यह कहते हुए पूर्व नपाध्यक्ष को यह कहते हुए याद करते हैं कि अगर वह सड़क का चौड़ीकरण नहीं कराती तो स्थिति न जाने क्या होती।

### एकीकृत बस स्टैंड बनाकर दिलाई समस्या से मुक्ति

पहले शहर के बीच कई बस स्टैंड संचालित हो रहे थे जिसके कारण बसों का संचालन बीच बाजार में होकर हो रहा था इस कारण जाम लगने की स्थिति बार-बार निर्मित ही रही थी इसके लिए मीरा रमेश गर्ग की परिषद ने कृषि मंडी बोर्ड से जमीन हस्तांतरण करवा कर एकीकृत क्स स्टैंड की स्थापना कराई इसके बाद सभी बस स्टैंड की समास कर एक बस स्टैंड संचालित किया गया जहां से बसों का निकास शहर के बाहर बड़ौदा रोड को और से बस स्टैंड के पीछे ओम दलाल के मकान के आगे से एवं शिवपुरी ग्वालियर का बाईपास रोड होते हुए व सवाई माधोपुर का सीधा पाली रोड होते हुए किया गया। इससे बाजार में बसों के आने-जाने पर पाबंदी लग गई जिसके कारण बदहाल हो रही यातायात व्यवस्था को सुधारने में मदद मिली।

### प्रशासक की योजना भी चली गई ठंडे बस्ते में

तत्कालीन कलेक्टर राकेश श्रीवास्तव के प्रशासक काल के दौरान नगर पालिका में शहर में यातायात का दबाव कम करने के उद्देश्य से कुछ आंतरिक बायपास बनाने की प्लानिंग की थी। इसके लिए जिला अस्पताल के सामने से ईदगाह रोड किला गेट, भेड़पाड़ा, मछली मार्केट, पुल दरवाजा होते हुए शिवपुरी रोड से आने चाले वाहनों को बंजारा डैम से आगे निकालने की प्लानिंग थी। उधर, पाली रोड से बड़ौदा की रोड आने जाने वाले वाहनों को वार्ड क्रमांक 10 नहर के पास से ओम व दलाल के मकान के आगे बड़ौदा रोड पर निकाले जाने की प्लानिंग बनाई थी। इस प्लानिंग पर जब तक कलेक्टर श्रीवास्तव रहे तब तक तो काम हुआ लेकिन उनके जाने के बाद उसे ठंडे बस्ते में दिया गया।

### नाला नहीं बनने से पुरानी पुलिस लाइन के सामने लगता है जाम

# दुकानों को तोड़कर सड़क नाला बनाना भूल गए जिम्मेदार, लोग परेशान हो रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




जय स्तंभ से जिला पंचायत अध्यक्ष के बंगले वाले रास्ते तक नगर पालिका की दुकानों को नाला बनाने के नाम पर करीब डेढ़ माह पहले प्रशासन ने जेसीबी चलाकर तोड़ा था उसे तोड़ने के बाद अब जिम्मेदार अफसर नाला और सड़क बनाना भूल गए है। डेढ़ माह बाद भी न तो नाला बनाया जा रहा है और न ही सड़क बनाई जा रही है जिससे पुरानी पुलिस लाइन के सामने श्रीराम तलाई हनुमान मंदिर वाले रोड की ओर जाने वाले वाहन चालकों टूटे नाले को पार करना टेडी खीर साबित हो रहा है।

जय स्तंभ से पटेल चौक के आगे तक हमेशा लगने वाले जाम जैसी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन ने पुरानी पुलिस लाइन से पटेल चौक तक रोड के बीच में डिवाइडर लगाकर उसे बन वे बनाने का प्रयास किया गया है पाली रोड से आने वाले वाहनों को एसडीओपी के बंगले के पास की ओर से गुजारकर जिला पंचायत अध्यक्ष के बंगले के सामने से श्री रामतलाई मंदिर के आगे से शिवपुरी रोड भेजा जाता है इसी तरह के स्तंभ से पाली रोड की ओर जाने वाले वाहनों को पुरानी पुलिस लाइन की ओर से निकाला जा रहा है यह व्यवस्था कारगर साबित भी हुई है लेकिन बीते 6-7 माह से जिला पंचायत अध्यक्ष के बंगले के पास वाला नाला बुरी तरह टूट चुका है यह नाला इतना अधिक टूटा हुआ है कि इसमें वाहन न फंस जाए इसलिए आधे से अधिक नाला को डिवाइड लगाकर कवर्ड किया गया है जिस स्थान से गाड़ियां निकल जाती है वह नाला भी बुरी तरह जर्जर हो रहा है। नगर पालिका इस नाले को इसलिए नहीं बना रही थी कि इस नाले को एनएचआई द्वारा रोड चौड़ीकरण के साथ बनाने के प्लानिंग थी और एनएचआई ने जय स्तंभ से जिला पंचायत अध्यक्ष के बंगले तक जो नगर पालिका की दुकाने बनी हुई थी उन्हें अतिक्रमण बातकर तोड़े जाने की मांग की थी नोटिस जारी हुए कोर्ट में मामला गया पर हाईकोर्ट ने भी दुकानदारों को राहत नहीं दी। हाई कोर्ट के निर्देश पर डेढ़ पूर्व दुकान तोड़ दी गई लेकिन अभी तक एनएचआई द्वारा न तो नाला बनाया है और न सड़क बनाई।

# रजनी नायब से तहसीलदार के रूप में प्रमोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



नायब तहसीलदार रजनी बघेल तहसीलदार पद पर प्रमोट हो चुकी हैं। यह जानकारी मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग के अपर सचिव राजेश कुमार कौल द्वारा 234 नायब तहसीलदार का प्रमोशन आदेश जारी करने पर मिली जिसमें रजनी बघेल का नाम भी शामिल है। फिलहाल वह जिला मुख्यालय स्थित भू अभिलेख कार्यालय की प्रभारी हैं और अब उन्हें विजयपुर तहसील का प्रभार मिलने की संभावना भी जताई जा रही है।

सरकार द्वारा जिन 234 नायब तहसीलदारों का प्रमोशन किया है उनमें रजनी बघेल का नाम भी शामिल है जो फिलहाल श्योपुर भू अभिलेख में प्रभारी के रूप में पदस्थ हैं। प्रमोट होने के बाद अब उन्हें किसी तहसील में फुल तहसीलदार के रूप में पदस्थ किए जाने की संभावना बढ़ गई है कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्हें विजयपुर तहसील में पद्धत किया जाएगा क्योंकि वहां की तहसीलदार अमिता सिंह तोमर पर बडौदा पुलिस द्वारा की गई एफआईआर ओर सुप्रीम कोर्ट से अपील खारिज होने के बाद उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। ऐसी स्थिति में रजनी बघेल को विजयपुर तहसीलदार बनाया जा सकता है हालांकि वह श्योपुर तहसील में भी पदस्थ की जा सकती है जहां नायब तहसीलदार मनीषा मिश्रा को प्रभारी तहसीलदार बनाया हुआ है लेकिन जिस तरह हाल ही में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जिला प्रशासन द्वारा चलाया गया था और उसमें प्रभारी तहसीलदार मनीषा मिश्रा द्वारा जो भूमिका निभाई गई थी उसके चलते कलेक्टर अर्पित वर्मा नहीं चाहेंगे कि उन्हें श्योपुर तहसील से हटाया जाए। इन संभावनाओं को देखते हुए रजनी बघेल का विजयपुर तहसीलदार बनने की संभावना अधिक है।

# अवैध हथियार के साथ पकड़े गए ठाकुर को दो साल का कारावास, एक हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ढोढर थाना क्षेत्र में करीब ढाई साल पूर्व अवैध हथियार के साथ घूमते हुए पकडे गए ठाकुर बंजारा को श्योपुर न्यायालय ने दो साल के कारावास और एक हजार के जुर्माने की सजा सुना दी। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाली एडीपीओ रिचा शर्मा ने बताया कि ढोढर थाना पुलिस ने 28 अक्टूबर 2023 को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी ठाकुर बंजारा पुत्र गोपी बंजारा निवासी रामगढ तिल्लीडेरा को हिरासत में लिया तो उसके कब्जे से एक देशी कट्टा और एक कारतूस अवैध रूप से रखे हुए मिला। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर चालान श्योपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने आरोपी ठाकुर बंजारा को दोषी मानते हुए सजा सुना दी।

### श्योपुर में विधायक ने विजयपुर में पूर्व मंत्री ने इफ्तार पार्टी दी

# गरीब मजलूमों की पीड़ा जानने का जरिया रोजाः बाबू जंडेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिला मुख्यालय स्थित मुस्लिम सामुदायिक भवन जमातखाना पर विधायक बाबू जंडेल द्वारा दी गई इफ्तार पार्टी में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने पहुंचकर रोजा इफ्तार किया। इस दौरान विधायक ने कहां के मुस्लिम समाज जो एक माह तक रोजा रखता है इसका उद्देश्य सिर्फ भूखा प्यासा रहना नहीं है बल्कि एक माह तक रोजा रखकर वह उन गरीब मजलूमों की परेशानियों को समझने का प्रयास करता है जिनके पास गरीबी के चलते खाने को रोटी नहीं होती है और कई परिस्थितियों के चलते वे प्यासा रहने को मजबूर हो जाते हैं। जल संरचनाओं का संरक्षण हो अमीरी गरीबी का भेद खत्म हो समानता का समाज स्थापित हो इस उद्देश्य से ही इस माह में मुस्लिम समाज के लोग जकात खेरात निकालते हैं ताकि सभी में समानता का कायम हो सके। बॉक्स सामाजिक समरसता बढ़ाने में सहायक इफ्तार पार्टीः रामनिवास एक ही दस्तर खान पर बैठकर जब इफ्तार करना न सिर्फ ऊंच नीच की सीमाएं तोड़ती है बल्कि इफ्तार पार्टियां सामाजिक समरसता बढ़ाने का काम भी करती हैं। यह बात पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने विजयपुर में आयोजित इफ्तार पार्टी के दौरान चर्चा करते हुए कही। साथ ही उन्होंने मुस्लिम समाज को ईदुल फितर की मुबारकबाद भी दी। इस दौरान पूर्व मंत्री ने सभी रोजादारों को अपने हाथों से इफ्तयारी परोसी। इस दौरान इफ़्तार पार्टी में शामिल हुए विजयपुर मस्जिद के इमाम एवं शहर नायब काजी शहादत हुसैन ने बताया कि रमजान-उल-मुबारक का यह पाक व पवित्र महीना रहमतों व बरकतों से भरपूर है। जो शख्स रोजेदार को इफ्तार कराता है अल्लाह तबारक व ताला उस शख्स को रोजेदार के बराबर सवाब अता फरमाता है। उन्होंने समस्त मुस्लिम समाज की ओर पूर्व मंत्री रामनिवास रावत द्वारा इफ्तार पार्टी देकर जो सम्मान किया उसके लिए आभार जताते हुए कहा कि इस प्रकार इफ्तार पार्टी आयोजन से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है।

# नवोदय के लिए चयन हुए विद्यार्थियों का माला पहनाकर स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

इस वर्ष आयोजित हुई जवाहर नवोदय चयन परीक्षा में शासकीय माध्यमिक विद्यालय चक वमूलिया से तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ जिनका बुधवार को विद्यालय प्रबंधन ने माला पहनाकर व तिलक निकालकर स्वागत किया। स्कूल प्रभारी परिचित जाटव ने बताया कि 5 वर्षों में अभी तक हमारे स्कूल से 14 बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा में हो चुका है। चयनित विद्यार्थी कक्षा 5 वीं उत्तीर्ण कर परीक्षा में शामिल हुए थे। बुधवार को चयनित बच्चों का स्वागत करने के पीछे उद्देश्य यही था कि विद्यालय के बाकी बच्चे भी उनसे प्रेरित हो और उनके भीतर इस तरह की परीक्षाओं में पास करने के लिए जागरूकता आए जिन बच्चों का चयन हुआ है उनमें सपना आदिवासी, शिवानी आदिवासी , रणजीत आदिवासी के नाम शामिल हैं।

### मीनेष जयंती समारोह 21 को

श्योपुर। क्षेत्रीय मीणा समाज जिला श्योपुर द्वारा 21 मार्च को भगवान मीनेष की जयंती भव्यता के साथ मनाई जाएगी। इस मौके पर सलापुरा स्थित मीणा छात्रावास में एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मीणा समाज अध्यक्ष हंसराज नागदा ने बताया कि 21 मार्च को सुबह 11 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान होली मिलन समारोह भी आयोजित होगा।इसके साथही समाज की प्रतिभाओ को सम्मान भी किया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होगा,जिसमें सुप्रसिद्ध राजस्थानी मीणा गीत गायको द्वारा लोक संस्कृति की शानदार प्रस्तुतियां दी जाएगी। इसके बाद सहभोज का भी आयोजन किया जाएगा।

# कलश यात्रा के साथ आरंभ सोमयज्ञ महोत्सव हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर के बायपास रोड क्षेत्र स्थित सुखधाम कॉलोनी में बुधवार से विराट सोमयज्ञ महोत्सव का आयोजन शुरू हो गया है। बुधवार को इसकी शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। विशाल सोमकलश यात्रा पारिख जी बाग स्थित मंदिर से शुरू हुई, जो गाजेबाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए यज्ञ स्थल सुखधाम कॉलोनी पहुंची। जहां यज्ञ की सर्वाध्यक्षता राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त जगद्गुरु वल्लभसंप्रदाय आचार्य गोस्वामी श्रीगोकुलोत्सवजी महाराजश्री ने किया। इस मौके पर आमंत्रित यज्ञाचार्य भी मौजूद रहे। 24 मार्च तक चलने वाले विराट सोमयज्ञ महोत्सव के अंतिम दिवस प्रातः श्री सोमयज्ञ एवं श्री विष्णु गोपाल यज्ञ भी संपन्न किए जाएंगे। इसके साथ ही यज्ञभिक्षा एवं अक्षत वर्षा के वैदिक अनुष्ठान होंगे, जिनमें बड़ी संख्या में वैष्णवजन शामिल होंगे। समापन अवसर पर पवित्र अवभृत स्नान कराया जाएगा, जो सोमयज्ञ की पूर्णता का प्रतीक माना जाता है। सायंकाल विधिवत पूर्णाहुति के साथ श्री विराट सोमयज्ञ का समापन किया जाएगा। समापन के उपलक्ष्य में महाप्रसाद का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें वैष्णव भक्तों के साथ-साथ शहर के बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक सहभागिता करेंगे। बता दें कि पू. पा. श्री वृजोत्सवजी महाराज का श्योपुर में 171वां सोमयज्ञ होगा। इससे पूर्व वृजोत्सवजी महाराज द्वारा देश विदेश में 170 सोमयज्ञ कर चुके है। इससे पूर्व श्री वृजोत्सवजी महाराज द्वारा जिले में राडेप गांव में सोमयज्ञ किया जा चुका है।

### आज निकालेंगे महर्षि गौतम की शोभायात्रा, जगह जगह स्वागत होगा

# गौतम जयंती महोत्सवः कवि सम्मेलन में देर रात तक बही काव्य की धारा, मंत्र मुग्ध हुए श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




शहर के किला रोड स्थित गौतम धर्मशाला में मंगलवार की रात को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। गौतम जयंती महोत्सव के तहत आयोजित इस कवि सम्मेलन में देर रात तक काव्य धारा बहती रही। मंच से कविताओं, गीतों का गायन होता रहा और मंत्र मुग्ध श्रोता झूमते व वाह-वाह करते रहे।

पंकज परिवार के सहयोग से आयोजित कवि सम्मेलन का प्रारंभ कवयित्री कुसुम त्रिवेदी ने माता सरस्वती की वंदना हे मां विराजो कंठ में सूचि ज्ञान को विस्तार दो से किया। इसके बाद कवि कैलाश पाराशर, स्वराज भूषण, राजेन्द्र शर्मा, डॉ ओपी शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा सागर, डॉ लोकेश तिवारी, डॉ सतीश शर्मा, पं हरिओमशरण शास्त्री ने अपनी अपनी रोचक काव्य रचनाओं से ऐसी काव्य धारा बहाई कि श्रोता वाह वाह करते नजर आए। इस कार्यक्रम के अंत में ट्रस्ट कार्यकारिणी द्वारा दो वरिष्ठ कवियों कैलाश पाराशर और स्वराज भूषण को सम्मानित किया गया। साथही सभी कवियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पं खेमराज शास्त्री ने की, जबकि मंच संचालन कवि सत्यनारायण शर्मा तरूण किया। गौतम जयंती महोत्सव के संयोजक जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि 19 मार्च को सुबह 9:30 बजे गौतम धर्मशाला में महर्षि गौतम जी का सामूहिक पूजन अर्चन व हवन किया जाएगा।

अपरान्ह 3 बजे से महर्षि गौतम की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो गौतम धर्मशाला से आरंभ होगी और गाजेबाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस धर्मशाला में पहुंचकर सम्पन्न होगी। इसके बाद सह भोज का आयोजन भी किया जाएगा। गौतम ब्राह्मण समाज अध्यक्ष शंभूदयाल शर्मा पंकज, महिला मंडल अध्यक्ष स्मिता गौतम, नव युवक मंडल अध्यक्ष हरित गौतम,युवती मंडल अध्यक्ष मौनिका गौतम ने समाजीय लोगो से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित शामिल होने का आग्रह किया है।




### वृद्धजनों का सम्मान कर आशीर्वाद लिया,प्रतिभाओं का हौसला बढ़ाया

गौतम जयंती महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रमो की श्रंखला में बुधवार को वृद्धजन सम्मान और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गौतम धर्मशाला में आयोजित इस सम्मान समारोह के दौरान शहर सहित जिलेभर से समाज के वृद्धजनों को आमंत्रित करके उनका सम्मान करते हुए उनका आशीर्वाद समाज के लोगो ने प्राप्त किया। इसके बाद समाज की उन प्रतिभाओं का सम्मान करते हुए उनका हौसला भी बढाया,जिन्होने अपनी प्रतिभा के बूते सम्मानजनक स्थिति पाकर समाज के गौरव को बढाने का काम किया है। इस सम्मान समारोह में गौतम जयंती महोत्सव के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता बनने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ आज से

श्योपुर। जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून तक आयोजित किया जायेगा। इसके अंतर्गत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्य संपन्न होंगे। अभियान का शुभारंभ 19 मार्च को दोपहर 12 बजे से श्योपुर जनपद के ग्राम पंचायत मठेपुरा के चौंडपुर तालाब पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से किया जायेगा। इसके साथ ही कराहल एवं विजयपुर जनपद में भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र में भी कार्यक्रम आयोजित होगे, 19 मार्च को नगरीय निकाय श्योपुर द्वारा शाम 4 बजे सीप नदी के पंडित घाट पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से अभियान की शुरुआत की जायेगी।

# सूर्य उपासना कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में विक्रमोत्सव 2026 अंतर्गत सूय उपासना कार्यक्रम 19 मार्च को नगरपालिका मैरिज गार्डन में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया है। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिले में विक्रमोत्सव आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य को नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। सृष्टि आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 को आरंभ कोटि सूर्योपासना के रूप में मनाया जा रहा है। ब्रम्ह मुहुर्त में सूर्य उपासना के साथ ही सभी प्रमुख मंदिरों पर ब्रम्हा ध्वज की स्थापना की जायेगी। इसके साथ ही नगरपालिका मैरिज गार्डन में प्रातः 10 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## खबर संक्षेप

### पानी टेंकरों का सही उपयोग करने के संबंध में निर्देश

**अशोकनगर।** जिला जल स्वच्छता समिति की आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया था कि ग्राम पंचायतों के लिए प्रदत्त टेंकरों का उपयोग उचित ढंग से किया जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों के लिए निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में शासन द्वारा उपलब्ध कराये गए पानी टेंकरों का उपयोग आपकी सक्षम अनुमति के बिना नहीं किया जाए। यदि किसी ग्राम पंचायत का टेंकर बिना सक्षम अनुमति के निजी कार्य में पाया जाता है तो उक्त ग्राम पंचायत सरपंच/सचिव के विरूद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराई जाए तथा प्राप्त लाभ की वसूली हेतु म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 एवं सरपंच के विरूद्ध धारा 40 का प्रकरण दर्ज किया जाने हेतु प्रतिवेदन जिला पंचायत कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

### सरपंच एवं तत्कालीन ग्राम रोजगार सहायक के विरूद्ध कार्रवाई

**अशोकनगर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगावली द्वारा प्रेषित जांच प्रतिवेदन के आधार पर तत्कालीन ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत कर्र हाल ग्राम पंचायत तमाशा इमरान खान की संविदा सेवा समाप्त की गई। सरपंच ग्राम पंचायत कर्र, जनपद पंचायत मुंगावली जम्बुल निशा खान के विरूद्ध धारा 40 के तहत पद से पृथक किये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराये जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगावली को पत्र लिखा गया है।

### लायंस हेल्पिंग हैंड ने मासिक बैठक के साथ रखा विदाई समारोह




**अशोकनगर।** लायंस हेल्पिंग हैंड ने लायन सुनीता जैन कि अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया। कार्यक्रम की रही पीएमजेफ लायन वैशाली सलूजा। कार्यक्रम में सभी सदस्यों द्वारा आने वाले महीने में होने वाली सेवा कार्यों के बारे में चर्चा की। साथ ही पूर्वाध्यक्ष लायन फिरोज़ सुल्ताना के लिए विदाई समारोह का आयोजन भी किया। समारोह में वैशाली सलूजा ने बताया कि पूर्वाध्यक्ष ने अपने कार्यकाल में बहुत से शानदार कार्यक्रम आयोजित किए साथ ही क्लब को बहुत से अवाड्र्स भी दिलवाए। सदस्यों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य एवं खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में लायन सुनीता जैन, नगरपालिका उपाध्यक्ष लायन रीना मनोज शर्मा ,लायन कविता साहू, प्रथम उपाध्यक्ष लायन किरण कुशवाह क्लब पीआरओ प्रियंका मेहता ,संतोष चंदेल, मिथलेश यादव, चंद्रेश यादव सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

### भारतीय किसान संघ ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**पिपरई।** भारतीय किसान संघ पिपरई के द्वारा अशोकनगर कलेक्टर के नाम पिपरई तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि फार्म आई डी में जो भी खसरा नं. पटवारी द्वारा जोडे जा रहे है। उनकी रिक्योस्ट न तो पटवारी को पता है और न ही तहसीलदार को पता है ओर न ही एस डी एम को पता है। रिक्योस्ट कहां जा रही है। इसका पता लगाकर बताया जावे। किसानो को टोकन द्वारा जो खाद्य वितरण किया जा रहा है। उसमें सबसे बडी समस्या आ रही है। जो ई टोकन बुक बक्त किसानो का एक खसरा एवं एक नंबर ही दिखता है। जिससे किसानो को केवल एक या आधी बोरी खाद्य मिलता है। जिससे किसान अपनी फसल कैसे बोयेगा। उपाजन केन्द्र पर किसान अपनी फसल लेकर जाता है। फसल तुलने के बाद मुंशी व ऑपरेटर द्वारा उनको प्राप्ती नहीं दी जाती है।

---

### शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी, खंगाले सीसीटीवी कैमरे

# दिनदहाड़े अज्ञात बदमाश बाइक सवार से लूटकर ले गए रुपयों का भरा बैग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





स्थानीय विजयाराजे सिंधिया चैराहे के समीप 3 अज्ञात बदमाश एक बाईक से आए और बैंक से रूपए निकालकर बैग में रखने वाले रणवीर सिंह पुत्र भगवान सिंह रघुवंशी निवासी गुना का बैग छीन ले गए। लूट की यह घटना शहर में दिन दहाड़े हुई है इस घटना के बाद पुलिस मार्ग पर आने जाने वाहनों से पूछ ताछ कर रही है तथा यह भी तलाशा जा रहा है कि यह आरोपी किस ओर भागे हैं। जिसके के लिए शहर के चैराहों पर लगे सीसीटीव्ही कैमरों को खंगाला जा रहा है।

इस घटना के बारे में रणवीर सिंह का कहना है कि उनके द्वारा एटीएम से यह रूपए निकाले गए थे। उसके कुछ दूरी पर एक बाईक से 3 युवक आए उसका बैग छीनकर ले गए। इस घटना में जब रणवीर सिंह ने उसका पीछा किया तो वह उसकी बाईक में टक्कर देकर भाग गए जिससे उनके हाथ में चोट आई है। यह बाईक सवार एक ही बाईक पर आए थे दो लोगों ने अपने मूंह पर कपडा बांध रखा था और एक बाईक पर बिना कपड़े बांधे बैठा था। घटना के बाद एसडीओपी विवेक शर्मा और कोतवाली से लेकर देहात थाने का स्टाफ मौके पर जांच पड़ताल करते हुए नजर आए। इस दौरान चैराहों पर लगे कैमरों को खंगाला जा रहा है। हालांकि अभी तक लूट की इस घटना के आरोपियों का पता नहीं चला है लेकिन पुलिस पूरे जिले में सक्रिय रूप से आरोपियों की तलाश में जुटी है।

#### अस्पताल में सामान चोरी की शिकायत के बाद आरोपी पकड़े

जिला अस्पताल अशोकनगर में तमाम तरह की सुरक्षा के बाद भी आरोपी सुरक्षा गार्डों को चकमा देकर भाग जाते हैं। यह आरोपी मरीज और उसके साथ आए परिजनों के साथ घटना कर भाग जाते हैं। इसी तरह की एक शिकायत कोतवाली पुलिस में की गई थी, जिसके बाद कोतवाली के टीआई रविप्रताप सिंह चैहान द्वारा अस्पताल के सीसीटीव्ही फुटेज तलाशे गए जिसके बाद पर्चा बनवाने वाली भीड़ में एक युवक कतार में खड़े होकर मुंह छुपाते हुए देखा गया उसका एक साथी भी मौजूद था, जिसके बाद कोतवाली पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर इनकी तलाश की गई जो अशोकनगर की शंकर कॉलोनी के रहने वाले हैं, जिसमें एक का नाम गोलू अहिरवार और दूसरे का नाम आशिक अहिरवार है यह अपराधिक प्रवृति के हैं, इनका रिकार्ड खंगाला जा रहा है। बताया गया है कि मंगलवार को ही एक शिकायत कर्ता ने शिकायत की थी कि उसके रूपए व सामान चोरी कर लिया गया है। इस शिकायत को एसपी के संज्ञान में लाया गया जिसके बाद टीआई कोतवाली द्वारा इन आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

---

### झूलेलाल जयंती के अवसर पर वाहन रैली का भव्य कार्यक्रम आयोजित



**बीना।** झूलेलाल जयंती के पावन अवसर पर सिंधी समाज, नवयुवक मण्डल एवं महिला मंडल द्वारा एक भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली सुबह 8.30 बजे सिंधी धर्मशाला से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सिंधी धर्मशाला पर संपन्न हुई। इस रैली का उद्देश्य भगवान झूलेलाल जी के संदेश-एकता, भाईचारा और सेवा को जन-जन तक पहुंचाना है। रैली में सजे-धजे वाहन,भजन-कीर्तन एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोष वाधवानी अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत, मंशाराम सुंदरनी, हरीश वाधवानी, प्रकाश दुवानी, प्रकाश बजाज, युवा भाजपा नेता आशीष वाधवानी, अंकुर मेठवानी, प्रकाश दुवानी, संजय नागवानी , कैलाश नीलम, अनिल बजाज, विजय सुंदरानी, लायक राम सुंदरानी, ब्रह्मा सुंदरानी, राजकुमार सुंदरानी, संजय वाधवानी, विनोद सुंदरानी आदि महिला मंडल से नीता वाधवानी, पूनम मेघवानी, स्वाति मेठवानी, नीलम खत्री, उर्वशी सुंदरानी, उमा नोतानी आदि बड़ी संख्या में समाज के नागरिक उपस्थित रहे।

### एक दिवसीय बौद्धिक संपदा अधिकार कार्यशाला हुई

**अशोकनगर।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार के अंतर्गत एमएसएमई-डीएफओ, ग्वालियर द्वारा चंदेरी में श्रीकुंज होटल, चंदेरी में एक दिवसीय बौद्धिक संपदा अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन तथा जिला हथकरघा कार्यालय, चंदेरी के संयुक्त सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन एमएसएमई के उप निदेशक राजीव कुमार के समग्र मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनके निर्देशन में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई तथा विभिन्न विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया गया। इसमें सांसद प्रतिनिधि जगन्नाथ पिप्पल, सहायक संचालक हथकरघा चंदेरी के. एन. गुप्ता, अध्यक्ष चंदेरी सिल्क क्लब अरुण सोमानी का विशेष सहयोग रहा।

---

## सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे से अशोकनगर को जोड़ने की मांग तेज, बैठक में बनाई योजना



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर की रघुवंशी धर्मशाला में मंगलवार को ग्वालियर से नागपुर को बनाया जा रहे सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे जिसकी कुल अनुमानित लागत 40000 करोड रुपए है, से अशोकनगर जिला मुख्यालय को जोड़ने की मांग को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

यह हाईवे ग्वालियर से नागपुर तक बनाया जा रहा है, लेकिन इसमें अशोकनगर को सीधे जोड़ने का उल्लेख नहीं होने से क्षेत्रवासियों में असंतोष देखा जा रहा है। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने एकजुट होकर इस मांग को लेकर निर्णायक रणनीति तैयार की। बैठक में पक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों द्वारा इस मुद्दे के समर्थन में दिए गए समर्थन पत्रों के लिए आभार व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि अशोकनगर जिला मुख्यालय को सिक्स लेन हाईवे से जोड़ना क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके अभाव में जिले की कनेक्टिविटी और आर्थिक प्रगति प्रभावित हो सकती है। बैठक में यह भी सामने आया कि 20 जनवरी 2026 को क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को भेजे गए पत्र में अशोकनगर जिला मुख्यालय को इस हाईवे से जोड़ने का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया था। इस पर चिंता जताते हुए उपस्थित लोगों ने सांसद से पुनः आग्रह किया कि वे अलग से एक विस्तृत मांग पत्र भेजकर अशोकनगर को ऐसे सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे से जोड़ने की मांग को प्रमुखता से उठाएं।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि,इस मांग को पूरा कराने के लिए एक प्रतिनिधि मंडल जल्द तही भोपाल स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचेगा। साथ ही लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता से भी मुलाकात कर इस विषय पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। वक्ताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो इस मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन, जनआंदोलन और दिल्ली तक भी जाना पड़े, तो पीछे नहीं हटेंगे। सभी ने एक स्वर में कहा कि अशोकनगर को सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे से जोड़ने तक यह आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में सुधीर शर्मा, डॉ. योगेश मिश्रा, रितेश जैन, अभिषेक कुशवाह, रामस्वरूप, शिवहरे, राजकुमार लोधी, राजिद अहमद एवं सुनील रघुवंशी उपस्थित रहे।

### भूकंपरोधी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ




**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अशोकनगर के तत्वावधान में आयोजित मध्यप्रदेश अर्थक्विक प्रिपेरेडनेस एंड कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में भूकम्परोधी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यशाला में संयुक्त कलेक्टर बृजबिहारी श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया उपस्थित रहे। कार्यशाला में आशीष ऋषिस्वर प्लाटून कमांडर एसडीआरएफ अशोकनगर द्वारा 250 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया तथा एक्सरसाइज कराई गई। हताहत व्यक्तियों को किस प्रकार से प्राथमिक उपचार दिया जाना है एवं किस प्रकार स्टेबलाइज करके एक स्थान से सुरक्षित स्थान पर पहुंचना है का अभ्यास कराया गया।भूकंप के बारे में विषय संबंधी जानकारी एक्सीलेंस स्कूल के भूगोल विषय के अध्यापकों एवं प्रशिक्षक के द्वारा दी गई।

---

### जनकल्याण कार्यों को सक्रियता से करने का संकल्प

## प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था समन्वय मंडपम द्वारा प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के लिए एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में क्षेत्र की 5 प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला समन्वयक केके मिश्रा एवं विकासखंड समन्वयक नीरज शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों की भूमिका, कार्यप्रणाली एवं समाज में जनभागीदारी बढ़ाने के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने बताया कि प्रस्फुटन समितियां गांव स्तर पर सामाजिक जागरूकता, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा सामुदायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष मिट्ठूलाल प्रजापति ने प्रशिक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से समितियों के पदाधिकारियों की कार्यक्षमता बढ़ती है और वे गांवों में बेहतर तरीके से सामाजिक कार्यों को संचालित कर सकते हैं। सत्यजीत सिंह ने कहा कि नगर एवं ग्रामीण में सेवाभावी संस्थाएं स्वयं को जन अभियान परिषद से जोड़ कर के कार्य करें। जिससे उन्हें एवं उनके कार्यों को भी मान्यता मिले। कार्यक्रम में संस्था सचिव सत्यजीत सिंह, संस्था समन्वयक धर्मेन्द्र सिंह तथा हर्ष सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान प्रस्फुटन समितियों के कार्यों, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा समाज में जागरूकता फैलाने के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी।

प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण आयोजित करने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सामाजिक विकास एवं जनकल्याण के कार्यों को और अधिक सक्रियता से करने का संकल्प लिया।

---

### अतिथि शिक्षकों ने गरेंठी के प्रभारी प्राचार्य पर लगाए अनियमित्ताओं के आरोप



**पिपरई।** गरेंठी अतिथि शिक्षको ने लगाएं प्रभारी प्राचार्य मोहम्मद मुबारक खान के ऊपर परेशान करने के आरोप लगाए हैं। हमारे पास न तो स्कूल की चाबी थी। अन्य व्यवस्था की जिससे कि हम स्कूल के अंदर बैठ सके। आए दिन प्रभारी प्राचार्य हमकों को परेशान करते हैं एवं कहते हैं कि मैं तुम लोगों को यहां से भगा दूंगा अगर तुम लोगों ने मेरी बात नहीं मानी तो ऐसी धमकी देते है। प्रभारी प्राचार्य मिड डे मिल का जो बच्चों के लिए खाना बनता है उसमें से मैं रोज भोजन करते हैं। सतभान सिंह आरती शर्मा रजिया बी रुचि शर्मा एवं समस्त स्टाफ गरेटी मौजूद थे लेकिन प्राचार्य अनुपस्थित थे। इस विषय पर प्राचार्य से बात हुई तो उन्होंने कहा कि यह सब झूठ आरोप लगा रहे हैं ऐसी कोई बात नहीं है मैं अभी पूर्व में इन लोगों के ऊपर कार्रवाई की थी यह लोग समय से स्कूल नहीं आते थे इसलिए यह ऐसा कर रहे हैं। मैं समय से स्कूल पहुंच जाता हूं एवं यही लोग मुझे परेशान करते हैं।

### पक्षियों के लिए जलपात्र टांगने की हो रही हैं तैयारियां



**अशोकनगर।** गर्मी का सीजन शुरू हो चुका है ऐसे में पक्षियों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल पात्र रखने की मुहिम शुरू की गई है। कलेक्ट्रेट परिसर के सिटी कोतवाली के अलावा विभिन्न संगठनों के माध्यम से अन्य जगहों पर भी यह जल पात्र लगाए जा रहे हैं। गौ सेवक सोनू जैन, पक्षी जल पात्र निशुल्क उपलब्ध 973 सहयोगी जन, गौरव जैन टिंकू ऑयल मिल, शालू भारत ऋचा जैन, यीशु कासल, नरेश जैन वकील ने इस मुहिम को शुरू किया। जिससे गर्मी के दिनों में पक्षियों के लिए पेयजल उपलब्ध हो पाए। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक गर्मी के मौसम में घर के बाहर, छत पर या बालकनी में पक्षियों के लिए पानी जरूर रखें, ताकि उन बेज़ुबान पक्षियों को भी पीने का पानी मिल सके। जो गर्मी और प्यास से बेहाल हो रहे हैं। यह सबका नैतिक दायित्व भी है।

---

## जिला जेल में विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला न्यायाधीश राकेश कुमार पाटीदार, सचिव, न्यायाधीश मनीष अनुरागी, न्यायाधीश प्रिया चैहान, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा एवं अस्सिटेंट लीगल एड डिफेंस काउंसल देवेन्द्र सिंह दांगी की उपस्थिति में मंगलवार को जिला जेल अशोकनगर में विधिक सक्षारता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया एवं बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार किया।

शिविर के दौरान सभी बंदियों से चर्चा की गई। निरूद्व बंदियों से उनके अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली गई तथा जिन बंदियों के अधिवक्ता नहीं थे, उन्हें लीगल एड डिफेंस काउंसल से तत्काल अधिवक्ता नियुक्त किये गये तथा जिन बंदियों को अपने अधिवक्ता, प्रकरण की स्थिति पता न होने से, उनके प्रकरणों के संबंध में संबंधित न्यायालय से जानकारी तलब कर बंदियों को दी गई। साथ ही बंदियों से भोजन एवं स्वास्थ्य संबंधी चैकअप समस्या के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही महिला बेरक में बंदी महिलाओं एवं उनके साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य, भोजन, आवास, मनोरंजन एवं शिक्षा के संबंध में जानकारी ली जाकर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने हेतु जेलर को निर्देशित किया। इसके साथ ही विधिक सहायता, विधिक सलाह, बंदियों के अधिकार एवं प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में बंदियों को जानकारी दी। बंदी जेल से ही विधिक सहायता से वकील निःशुल्क ले सकते हैं एवं नालसा का टोल-फ्री हेल्पलाईन नम्बर 15100 के बारे में भी जानकारी दी।

### बैजू बावरा संगीत समारोह का अंतिम दिन शास्त्रीय गायन के नाम रहा

# कलाकारों ने सुरों के संगीत से महफिल सजाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग अंतर्गत उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा आयोजित 3 दिवसीय बैजू बावरा संगीत समारोह का अंतिम दिन सांस्कृतिक संध्या की पहली सभा शास्त्रीय गायन के नाम रही। भोपाल के उल्हास तेलंग ने अपनी सुदीर्घ साधना से चंदेरी की हवाओं में सुरों की मिठास घोल दी।

उन्होंने अपनी प्रस्तुति के लिए मधुर एवं सुन्दर राग मारू बिहाग का चयन किया। उन्होंने बड़ा एवं छोटा खयाल के साथ राग के सौंदर्य को सुधिजनों तक पहुंचाया। बड़ा खयाल की बंदिश एक ताल विलंबित में पिया मोरा रे मानत नाहीं.. एवं छोटा खयाल की बंदिश तीन ताल में तरपत रैन बिना...प्रस्तुत की। अंत में उन्होंने बनारसी अंग की होरी रंग डारूंगी डारूंगी रंग डारूंगी...से फाग के आनन्द एवं उल्लास को सुरीले अंदाज में सुधिजनों तक पहुंचाया। उनके साथ हारमोनियम संगत इंदौर के रवि किल्लेदार एवं तबला संगत पर ग्वालियर के विकास विपट थे।

अगले क्रम में अवसर पर था सारंगी के सुमधुर सुरों के आस्वादन का, जिसे सुधिजनों तक पहुंचाने मंच पर नमूदार हुये सुविख्यात सारंगी वादक फारुख लतीफ खां। विश्वविख्यात सारंगी वादक पद्मश्री उस्ताद लतीफ खां के सुपुत्र फारूख लतीफ खां संगीत के सबसे प्राचीन ग्वालियर घराने से सम्बन्ध रखते हैं। उनके वादन की गहराई एवं गंभीरता उनकी सुदीर्घ साधना एवं पुरखों की परम्परा को स्पष्ट दर्शाती है। फारूख लतीफ खां ने अपनी प्रस्तुति के लिए मधुर और भक्तिमय राग सरस्वती का चयन किया। इसमें उन्होंने विलंबित गत एक ताल एवं द्रुत में दो बंदिशों का वादन किया। अंत में मिश्र पीलू के साथ प्रस्तुति को विराम दिया। उनके साथ तबले पर मनोज पाटीदार ने सधी हुई संगत दी।

अगली प्रस्तुति शिप्रा सुल्लेरे, जबलपुर के गायन की थी। उन्होंने प्रस्तुति के लिए राग बागेश्री का चयन किया। रात्रिकालीन का यह सुमधुर राग जब शिप्रा की सुरीली गायिकी के साथ गूंजा तो उपस्थित सुधिजन संगीत के रस में डूब गये। उन्होंने बड़ा खयाल में सखी मन लागे न मोरा.. एवं छोटा खयाल बलमा मोरे तीरे संग लागी प्रीत.. के साथ प्रेम के सौंदर्य से समां बांधा। अंत में उन्होंने भजन मन में बसा लें.. से भक्ति रस प्रवाहित करते हुए प्रस्तुति को विराम दिया। उनके साथ हारमोनियम पर विवेक जैन एवं तबले पर मनीष बरकड़े ने संगत दी।

अंतिम दिवस की चैथी प्रस्तुति कथक नृत्य की थी, जिसे आरती श्रीवास्तव, दिल्ली ने प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति श्रीकृष्ण केनद्रित थी, जिसमें उन्होंने आकर्षक एवं सुंदर ढंग से प्रसंगों को प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रस्तुति का आरंभ अष्टपदी के साथ किया। राधाकृष्ण की प्रेम लीलाओं के मधुरम वर्णन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रस्तुति में उनके साथ सुश्री राधिका वशिष्ट, प्रियंका वेद एवं सुश्री साक्षी झा ने नृत्य किया। अगली प्रस्तुति शुद्ध नृत्य की थी, जिसमें उन्होंने तकनीकी पक्ष का प्रदर्शन बखूबी किया। यह प्रस्तुति तीन ताल में थी, जिसका समापन पूतना वध प्रसंग के साथ किया गया। इसके बाद छेड़छाड़ का गत भाव राग कलावती में निबद्ध ठुमरी मोहे छेड़ो न में दिखाया, जिसमें कृष्ण द्वारा राधा को छेड़ने के दृश्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। अंत में उन्होंने राग मालकौंस में तराना प्रस्तुत किया।